हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026

11 जिले में 17 हजार से ज्यादा गैस सिलेंडर उपलब्ध...



12 फसल खरीद आज से होगी शुरू, जिला में 7 अनाज मंडियों...



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब रखने के आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** थाना सदर रतिया पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध जांच के दौरान गांव हड़ोली से नागपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति अपने कंधे पर नीले रंग का प्लास्टिक कट्टा लिए पैदल आता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस वाहन को देखकर कट्टा नीचे रखकर बैठ गया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसे काबू कर पूछताछ की।

### हमला कर तीन लोगों को किया घायल, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** जानलेवा हमले के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान कृष्ण पुत्र निर्मल निवासी ढाणी जाखन दादी, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि पुलिस टीम ने मामले की जांच के दौरान कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया तथा उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता सुखविंद्र सिंह उर्फ सुखा ने अपने बयान में बताया कि 26-27 मार्च की मध्यरात्रि को वह अपने दोनों बेटों गुरसेवक सिंह व गुरप्रीत सिंह के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान उसपर हमला हुआ।

### प्राइवेट प्ले स्कूल को रजिस्टर्ड करवाना जरूरी

**टोहाना।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस संबंध में जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी स्नेहलता ने बताया कि विभाग द्वारा प्राइवेट प्ले स्कूलों के पंजीकरण हेतु आवेदन प्रक्रिया 'सरल हरियाणा पोर्टल' पर शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सभी प्राइवेट प्ले स्कूल संचालक निर्धारित प्रक्रिया के तहत सरल हरियाणा पोर्टल पर जाकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें।

### बिजली कर्मचारी से ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन टास्क के नाम पर बिजली विभाग के कर्मचारी से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को साइबर क्राइम थाना फतेहाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमल कुमावत पुत्र मानाराम निवासी गौरवपुरा, लूणवा, जिला नागौर के रूप में हुई है। साइबर सैल प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि इस बारे पुलिस प्रमोद कुमार निवासी सिंथला की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह बिजली विभाग में एएसएसए के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप '51' में जोड़ा गया था।

## पेड़ गिरने से रास्ते जाम और बिजली आपूर्ति बाधित

# तेज आंधी-बरसात के साथ ओलावृष्टि दर्जनों पेड़ गिरे, बिजली के 30 खंभे टूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का असर मंगलवार शाम जिले में साफ दिखाई दिया। शाम करीब 6 बजे अचानक तेज आंधी चली और कुछ ही देर में तेज बरसात शुरू हो गई। आंधी और घने बादलों के कारण शहर और आसपास के क्षेत्रों में समय से पहले ही अंधेरा छा गया, जिससे वाहन चालकों को लाइटें जलाकर चलना पड़ा। बरसात से शहर के मुख्य चौक जवाहर चौक के साथ कई इलाकों में जलभराव हो गया। जिले के थाना रोड, डीएसपी रोड मॉडल टाऊन सिविल अस्पताल एमसी कालोनी नेशनल हाईवे पर जल भराव के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। आंधी इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर दर्जनों हरे पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे यातायात और बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई। तेज हवा के साथ हुई बरसात से मौसम में ठंडक घुल गई और दिनभर की गर्मी से लोगों को राहत मिली। हालांकि अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों और सड़कों पर अफरा-तफरी का माहौल भी देखने को मिला। कई जगह दुकानदारों को जल्दबाजी में सामान समेटना पड़ा, जबकि राहगीरों ने बारिश से बचने के लिए दुकानों और छतों के नीचे शरण ली। दुकानदारों को जल्दबाजी में सामान समेटना पड़ा, जबकि राहगीरों ने बारिश से बचने के लिए दुकानों और छतों के नीचे शरण ली। कई गांवों में 68 पेड़ और 36 बिजली के खंभे गिरे गए।







### फसलों के जमीन पर बिछने का खतरा

इस बरसात से गेहूं उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है। यदि तेज हवा चलती है तो फसल जमीन पर बिछने का खतरा बढ़ जाएगा। ऐसे में गेहूं की कटाई भी करीब एक सप्ताह से 10 दिन तक देरी से होने की आशंका जताई जा रही है। बरसात से गेहूं की पकी खड़ी फसल पर मौसम की मार से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ देखी गई।किसान मौसम साफ होने की कर रहे इंतजार कर रहे है,ताकि गेहूं की कटाई कर सके।

### 2 व 3 अप्रैल को फिर मौसम खराब रहने के आसार

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला है। इसके चलते अगले कुछ दिनों तक तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### हांसपुर रोड पर पेड़ गिरने से लगा जाम

आंधी-बरसात के दौरान फतेहाबाद-हांसपुर मार्ग पर दर्जनों हरे पेड़ गिर गए, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। वाहन चालकों को काफी देर तक रास्ता साफ होने का इंतजार करना पड़ा। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से रास्ता खुलवाने का प्रयास किया गया। कई गांवों में पेड़ और बिजली के खंभे गिरे इसी तरह रतिया रोड, नागपुर, समैन, नन्हेड़ी और जाखल खंड के कई गांवों में भी तेज हवा से करीब 68 पेड़ और 30 बिजली के खंभे गिर गए। इसके कारण कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### अचानक बदले मौसम से बाजारों में हलचल

तेज आंधी और बरसात के कारण शहर के कई इलाकों में धूल उड़ने लगी और कुछ ही मिनटों में बारिश शुरू हो गई। इससे बाजारों में खरीदारी कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और लोग जल्द घरों की ओर लौटते नजर आए।



सिरसा। बरसात व अंधड़ से प्रभावित फसल का जायजा लेते भाजपा नेता।

# बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ाई सरसों व गेहूं फसल को नुकसान

- भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य जगदीश चोपड़ा ने फसलों के नुकसान का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिले में मंगलवार देर शाम को तेज हवा के साथ बरसात हुई। बेमौसमी बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी हैं। खेतों में सरसों व गेहूं की फसल पककर तैयार है, ऐसे में बरसात व तेज हवा किसानों की मेहनत पर पानी फेर सकती है। बाद दोपहर एकाएक मौसम बदला और देर शाम को तेज हवा के साथ बरसात शुरू हुई। बरसात से सरसों व गेहूं की फसल को काफी नुकसान होने की आशंका है। सरसों की फसल पककर तैयार है। कुछ किसानों ने सरसों की फसल निकाल ली है और मंडियों में आनी शुरू हो गई। बरसात के बाद तापमान में भी गिरावट आई है। उल्लेखनीय है कि बीते दिवस भी तेज अंधड़ के चलते जिले के कई क्षेत्रों में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। उधर, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य जगदीश चोपड़ा ने जिले के गांव सुचान, कुसुंभी, जोधकां, मोचीवाली आदि क्षेत्रों में आई अंधड़ व बरसात से फसलों को हुए नुकसान का मंगलवार को जायजा लिया।

### दिया आश्वासन

जगदीश चोपड़ा ने कहा कि नुकसान की भरवाई सरकार द्वारा की जाएगी। इस दौरान उन्होंने प्रभावित किसानों से बातचीत की। उन्होंने नुकसानग्रस्त फसलों का अवलोकन कर तुरन्त राहत के लिए जिला प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। जगदीश चोपड़ा ने कहा कि अंधड़ व बरसात से कई गांवों में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि नुकसानग्रस्त फसल के एक-एक दाने का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा। किसानों की पीड़ा को वर्तमान सरकार भली भांति समझती है। इससे पूर्व भी खराब हुई फसलों का करोड़ों रुपए का मुआवजा सरकार ने किसानों के खाते में डालने का काम किया है। इस अवसर पर भाजपा नेता रोहताश जांगड़ा, हनुमान कुंडू, रोहताश पलथानिया, रविंद्र चौहान, सुरेंद्र जेवलिया, प्रभु राम जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

# रैली के लिए किसान हुए रवाना

- संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर जींद की नई अनाज मंडी में ललकार रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर जींद की नई अनाज मंडी में आयोजित किसान ललकार रैली में सिरसा से अखिल भारतीय किसान सभा का जत्था रवाना हुआ। इस जत्थे की अगुवाई तिलक राज विनायक, भजन लाल बाजेकां, इकबाल सिंह नेजा डेला, जगरूप सिंह, हैपी बक्शी, विक्रमजीत, सोहन झोरड़ नाली, स्वर्ण सिंह विर्क व डा. सुखदेव सिंह जम्मू ने की।



सिरसा। किसान ललकार रैली के लिए रवाना होते किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों की प्रमुख मांगें

किसानों की मांग है कि हरियाणा सरकार द्वारा फसल खरीद के लिए जारी किए गए नए निर्देशों व शर्तों को तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जाएं। गेट पास, पंजीकरण, ऑनलाइन, पोर्टल आदि की अनिवार्यता को खत्म कर किसानों की फसल एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित किया जाएं। बारिश, जलभराव से बर्बाद हुई फसल खराबे खरीफ 2025, साल 2023 के एवं अन्य बाढ़, जलभराव, आग, सोके, घटिया कीटनाशकों के व अन्य किसी भी कारण से बर्बाद हुई फसलों का लंबित मुआवजा जारी किया जाए व आगे से इस संबंध में किसान संगठनों से बातचीत करके पक्की मुआवजा निति बनाई जाए। बर्बाद हुई फसलों का बीमित किसानों का लंबित बीमा क्लेम जारी करो आदि मांगे शामिल है।

# मिशन बुनियाद परीक्षा में 416 विद्यार्थी शामिल

- सीईओ सुभाष चंद्र ने सांझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में मिशन बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिरसा जिले के 416 चयनित मेधावी विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। जिला परिषद के सीईओ सुभाष चंद्र ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उनके साथ अपने अध्यापक से एचसीएस अधिकारी बनने की कहानी सांझा की और बच्चों से कहा कि मिशन बुनियाद आपके लिए एक सुनहरा अवसर है, इसे पूरी लगन से अपनाएं। जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं ने अपने संबोधन में कहा कि सफलता कभी आसान नहीं होती, यह निरंतर प्रयास, अनुशासन और संघर्ष का परिणाम होती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य स्पष्ट रखें और हर दिन खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री सुशासन सहायक पुरु रोहिल्ला ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही वह मजबूत सीढ़ी है, जो व्यक्ति को गरीबी से समृद्धि तक पहुंचाती है।



सिरसा। मिशन बुनियाद परीक्षा में भाग लेते परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों व अभिभावकों को किया संबोधित

इस अवसर पर जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार ने आयोजन में उपस्थित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं के सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शी सोच के कारण सिरसा जिले ने मिशन बुनियाद लेवल-1 में नामांकन के मामले में 7000 का आंकड़ा सबसे पहले पार किया तथा 6509 विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# लाखों की हेरोइन सहित चार तस्कर पकड़े

- शक के आधार पर युवक को काबू किया, 5 ग्राम हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने जिला क्षेत्र से लाखों रुपये की हेरोइन सहित चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से 35 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम सिरसा शहर क्षेत्र में गश्त पर थी। सुरखाब चौक के निकट एक बाइक सवार युवक आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर वापस मुडक़र भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू कर लिया और तलाशी ली तो उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान सिरसा निवासी सतीश कुमार के रूप में हुई।



हेरोइन सहित पकड़ा गया आरोपी।

### अन्य मामला: आरोपी को रिमांड पर लिया

एक अन्य घटना में सीआईए सिरसा पुलिस ने गांव रोड़ी क्षेत्र से गुरप्रीत सिंह को भी हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने रानियां क्षेत्र से सुखवंत सिंह को काबू कर उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। थाना कालांवाली पुलिस ने मंडी कालांवाली क्षेत्र से आकाश को हेरोइन सहित काबू किया है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित पुलिस थानों में अभियोग दर्ज किया गया है। आरोपियों के अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

# पत्थरबाजी कर गाड़ियों के तोड़े शीशे हाथों में डंडे लेकर पहुंचे शरारती तत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- प्रारंभिक जांच में इस वारदात के तार गैंगवार से जुड़े होने के संकेत मिले

भूना शहर में सोमवार रात वार्ड नंबर 9 में शरारती तत्वों ने पत्थरबाजी कर गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। आरोपियों ने एक घर को भी निशाना बनाया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में इस वारदात के तार गैंगवार से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड-9 के विनोद सोनी ने अपनी स्विफ्ट कार रोजाना की तरह घर के बाहर खड़ी की थी। वहीं उनके पड़ोसी आजाद सिंह भी अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी करके सो गए। देर रात को तेज आवाज सुनकर जब दोनों बाहर निकले, तो करीब 4-5 युवक हाथों में डंडे लेकर भागते दिखाई दिए। मौके पर देखा, तो दोनों गाड़ियों के शीशे तोड़े जा चुके थे। इसके अलावा आजाद सिंह के घर पर भी पत्थरबाजी की गई, जिससे उनके गेट के शीशे टूट गए। विनोद कुमार ने बताया कि उन्होंने घर खर्च चलाने के लिए गाड़ी ले रखी है, लेकिन शरारती तत्वों ने उनकी रोजी-रोटी पर चोट पहुंचाई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की।

# पाइपलाइन परियोजना में घोटाले के आरोप

- वाइस चेयरमैन व पार्षदों ने डीसी और डीएमसी को शिकायत पत्र सौंपकर जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

शहर में बन रही करीब 30 करोड़ रुपए की बरसाती पानी निकासी पाइपलाइन परियोजना शुरुआती चरण में ही विवादों में आ गई है। निर्माण कार्य में अनियमितताओं और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के आरोपों को लेकर वाइस चेयरमैन व पार्षदों ने डीसी डॉ. विवेक भारती और डीएमसी प्रवीण कुमार को शिकायत पत्र सौंपकर मौके का निरीक्षण कराने और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पार्षदों का कहना है कि टेंडर शर्तों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। पाइपलाइन के नीचे बनने वाला मजबूत बेस (सीमेंट, बजरी व क्रेशर) सही तरीके से नहीं डाला जा रहा, वहीं पाइप जोडऩे की अनिवार्य प्रक्रिया भी अधूरी छोड़ी जा रही है। इसके चलते कई स्थानों पर अभी से लीकेज और पानी भरने की समस्या सामने आने लगी है। मामले को लेकर वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी के नेतृत्व में पार्षद अतुल सोनी, रोहतास गोयल, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश भुक्कल, संजीव छोकरा व राजू कंबोज का प्रतिनिधिमंडल डीसी व डीएमसी से मिला।



भूना। डीएमसी को ज्ञापन सौंपते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

## अभियान | नशा तस्करों पर कार्रवाई: 16 तस्करों की 1.35 करोड़ की संपत्ति अटैच

# 2025 के मुकाबले 2026 के पहले तीन महीनों में 147 प्रतिशत अधिक आरोपी गिरफ्तार

- ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा पीड़ितों का उपचार व पुनर्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 की अवधि की तुलना में 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 के दौरान 147 प्रतिशत अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जो वर्ष 2016 के बाद अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। नशा तस्करों पर आर्थिक प्रहार करते हुए फतेहाबाद पुलिस द्वारा उनकी अवैध संपत्तियों को अटैच किया जा रहा है। वर्ष 2025 के पहले तीन महीनों में जहां किसी भी नशा तस्कर की संपत्ति अटैच नहीं की गई थी, वहीं वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में 16 नशा तस्करों की कुल एक करोड़ 35 लाख 5 हजार 531 रुपये की संपत्ति अटैच करवाई गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा पदभार संभालने के बाद अब तक 36 नशा तस्करों की कुल 5 करोड़ 37 लाख 35 हजार 157 रुपये की संपत्ति न्यायालय के माध्यम से अटैच करवाई जा चुकी है।



### बरामदगी के मामलों में उल्लेखनीय सफलता

बरामदगी के मामलों में भी वर्ष 2026 में उल्लेखनीय सफलता मिली है। पुलिस द्वारा भारी मात्रा में अफीम, चूरा पोस्त, गांजा, हेरोइन, प्रतिबंधित नशीली गोलियां एवं इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। वर्ष 2025 में जहां 6 वाणिज्य मात्रा के मामले दर्ज हुए थे, वहीं वर्ष 2026 में 17 वाणिज्य मात्रा के मामले दर्ज किए गए, जो लगभग ढाई गुना है। फतेहाबाद पुलिस केवल नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई ही नहीं कर रही, बल्कि नशे की चपेट में आए युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालने का भी सराहनीय कार्य कर रही है। वर्ष 2025 के पहले तीन महीनों में 110 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 117 नशा पीड़ित युवाओं का उपचार कराया गया था।



## अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



## कुब्रा
### खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।

## हॉलीवुड मसाला



### जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।



### तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रैडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



## मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



## मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

## टीवी मसाला



### नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरुनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।


### सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत

**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।' लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।



## 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का' की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



### 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

### फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का' एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

## रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण'की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण'की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।' लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





### सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

### दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

### कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

## अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।



### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

## खबर संक्षेप

### पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के विस्तार की मांग

**हिसार।** पूर्वांच्चल जन कल्याण संगठन समिति ने समिति की ओर से प्रधानमंत्री, केंद्रीय रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड व हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर तथा पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को पत्र देकर प्रतिदिन हजारों यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 12801/12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार करवाने का अनुरोध किया है। डॉ. गुप्ता को पत्र देने वालों में समिति के प्रधान विनोद साहनी, संरक्षक डॉक्टर राधेश्याम शुक्ल, अनूप पांडेय, उपप्रधान एवं कानूनी सलाहकार अर्चना पांडेय, सचिव मुरलीधर पांडेय, प्रेस सचिव रविंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

### चोरी के उद्घोषित आरोपित को पकड़ा

**नारनौंद।** पुलिस ने चोरी की वारदात में संलिप्त एक उद्घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सोमी उर्फ बबलू निवासी राजथल के रूप में हुई है। एएसआई कुलबीर कुमार ने बताया कि आरोपित सोमी उर्फ बबलू वासी राजथल चोरी के एक मामले में अदालत में पेशी के दौरान गैरहाजिर चल रहा था। इस पर अदालत ने 24 फरवरी को आरोपित सोमी को उद्घोषित आरोपित घोषित किया था। इसके बाद थाना नारनौंद में मामला दर्ज कर आरोपित युवक की तलाश शुरू की गई थी।

### लुवास में राजेश कुमार को मिली पदोन्नति

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयके कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत राजेश कुमार को सहायक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के आदेश विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका द्वारा जारी किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित लुवास गैर-शिक्षक संघ के प्रधान तरुण तनेजा ने यूनियन की ओर से इस पदोन्नति पर विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेष रूप से कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका का आभार व्यक्त किया।

### बालाजी मंदिर में आज निकाली जांएगी झाकियां

**नारनौंद।** मोठ रोड पर श्री बालाजी महाराज का जन्म दिवस उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया जाएगा। बुधवार को कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत ढंग से की जाएगी सबसे पहले हवन यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद सुंदर झांकियां के साथ ध्वज परिक्रमा पूरे शहर में निकाली जाएगी। दो अप्रैल को सुबह बालाजी मंदिर में हवन यज्ञ का कार्यक्रम होगा उसके बाद सुंदरकांड का पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### गलियों में जमा पानी से सातरोड के लोग परेशान

**हिसार।** सीवरेज ओवरफ्लो और पानी की पाइपलाइन लीकेज की वजह से सातरोड़ गांव के वार्ड नंबर 11 की गलियों में पानी जमा होने से लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परेशानी झेल रहे लोगों ने प्रशासन से उनकी इस समस्या को दूर करने की मांग की है।

## घरेलू गैस का दुरुपयोग रोकने के लिए की जा रही छापेमारी

# जिले में 17 हजार से ज्यादा गैस सिलेंडर उपलब्ध, आपूर्ति सामान्य

- उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से बुकिंग कर ओटीपी के माध्यम से आसानी से गैस प्राप्त कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला में एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू बनी हुई है और आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। डीएफएससी कुशल बूरा ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है तथा सभी आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। जिला में घरेलू गैस की कालाबाजारी एवं दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए विभाग ने ब्लॉकवार टीमों का गठन किया है। यह टीमें सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी, फतेहाबाद, टोहाना व रतिया के नेतृत्व में निरीक्षक व उप-निरीक्षक के साथ मिलकर होटलों, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों एवं ढाबों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं, ताकि घरेलू गैस का कमर्शियल उपयोग न हो सके। जिला में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू बनी हुई है। 31 मार्च को तीनों तेल कंपनियों से 7128 भरे हुए सिलेंडर प्राप्त हुए हैं, जबकि 23 गैस एजेंसियों के पास 10039 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। इस प्रकार कुल 17167 सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त 30 मार्च को 5280 रिफिल उपभोक्ताओं को वितरित किए गए। विवाह व अन्य आयोजनों के लिए भी प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था की गई है। डीसी के माध्यम से प्राप्त 181 आवेदनों में से 31 मार्च तक निर्धारित शादियों के लिए 77 आवेदनों पर विचार करते हुए 313 कमर्शियल सिलेंडर आवंटित किए जा चुके हैं। उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से बुकिंग कर ओटीपी के माध्यम से आसानी से गैस प्राप्त कर सकते हैं।



**फतेहाबाद।** होटलों, ढाबों इत्यादि का निरीक्षण करते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग की टीमें।

### भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों पर कड़ी नजर

डीएफएससी ने कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर प्रशासन की कड़ी नजर है। ऐसी अफवाहों का तुरंत खंडन किया जा रहा है और लोगों से अपील की गई है कि वे केवल सरकारी व आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित ऑयल कंपनियों एवं एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखा जाए, ताकि आपूर्ति श्रृंखला में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके साथ ही वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### हेल्पलाइन नंबर पर 78 शिकायतों का निपटारा

जिला में उप-मंडल स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं तथा 01667-230773 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जिस पर अब तक प्राप्त 78 शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया है। आमजन की सुविधा के लिए हेल्पलाइन सेवाएं 24&7 सक्रिय हैं। पेट्रोल व डीजल आपूर्ति भी सामान्य है तथा सभी 161 पेट्रोल पंपों पर विभागीय निगरानी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि आमजन तक सही एवं प्रमाणिक जानकारी पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। विभिन्न माध्यमों से समय-समय पर अपडेट साझा किए जा रहे हैं ताकि किसी प्रकार की भ्रम या गलतफहमी की स्थिति उत्पन्न न हो।

# पूर्व डीपीआरओ आत्माराम बने अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश प्रवक्ता

- खैराती खेड़ा को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक गुरुग्राम में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार, युवाओं के उत्थान तथा संगठन के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा और मंथन किया गया। बैठक के दौरान जिला फतेहाबाद के पूर्व जिला लोक संपर्क अधिकारी आत्माराम कसाना, खैराती खेड़ा को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर आत्माराम कसाना ने प्रदेश अध्यक्ष सांवरमल गुर्जर सहित प्रदेश व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कसाना ने कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि समाज को आगे बढ़ाने में वे सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा हर समय तन, मन और धन से समाज की सेवा के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन निरंतर ईमानदारी और कर्मठता के साथ समाजहित में कार्य कर रहा है। हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।



**फतेहाबाद।** आत्माराम कसाना को नियुक्ति पत्र सौंपते पदाधिकारी।

### भंडारा सामग्री लेकर ट्रस्ट के सेवादार रवाना

**सिरसा।** श्री बजरंग भंडारा सेवा ट्रस्ट द्वारा सालासर धाम में 31 मार्च से 2 अप्रैल तक लगाए जाने वाले 24वें अर्द्धवार्षिक विशाल भंडारे के लिए सिरसा से ट्रस्ट पदाधिकारी भंडारा सामग्री लेकर रवाना हुए। ट्रस्ट के प्रधान शिव शंकर गोयल ने बताया कि श्याम प्रेमी वरूण वधवा ने झंडी देकर भंडारा सामग्री दल को अनाज मंडी से श्रीबालाजी महाराज का जयकारा लगाकर रवाना किया। प्रधान शिव शंकर गोयल ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी तीन दिवसीय भंडारा लगाया जा रहा है। भंडारे में तीन दिन लगातार लंगर-भंडारा होगा, वहीं श्रद्धालुओं के लिए फ्रूट की भी व्यवस्था होगी। इसके अलावा मेडिकल सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

# तालाब बनाकर करें जल संरक्षण 75 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान

## किसानों को मिलेगा आर्थिक लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा उद्यान विभाग द्वारा किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं के तहत आकर्षक अनुदान सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना, आधुनिक तकनीकों को अपनाने में सहायता देना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना है। विशेष रूप से पानी संरक्षण से जुड़ी योजनाओं के तहत किसानों को आर्थिक सहायता और बीमा लाभ दिए जा रहे हैं, जिससे वे कम लागत में बेहतर संसाधन विकसित कर सकें। इन योजनाओं में सबसे प्रमुख खेत में पानी के तालाब योजना है। इसके अंतर्गत सामुदायिक तालाब निर्माण पर किसानों या किसान समूहों को कुल लागत पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। इस योजना में अधिकतम 24 लाख रुपये तक की लागत पर सहायता उपलब्ध है। इसका उद्देश्य वर्षा जल का संचयन कर सिंचाई के लिए स्थायी स्रोत तैयार करना है, जिससे पानी की कमी की समस्या को कम किया जा सके।

# भूना की दिव्या गोयल ने डांस प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

लक्ष्मी अनाज मंडी, भूना निवासी प्रतिभाशाली छात्रा दिव्या गोयल ने डांस के क्षेत्र में एक बार फिर मंगलवार को अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। चंडीगढ़ में केकेएचडी द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में दिव्या ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच दिव्या गोयल ने अपने हुनर, भाव-भंगिमा और आत्मविश्वास से निर्णायकों को खासा प्रभावित किया। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने भी खूब सराहा। दिव्या इससे पहले भी कई मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं और लगातार उपलब्धियां हासिल कर रही हैं।

बताया जा रहा है कि दिव्या पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से डांस की प्रैक्टिस कर रही हैं। अपने गुरुओं के मार्गदर्शन में उन्होंने अपनी कला को निखारा है। उनकी सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण को मुख्य कारण माना जा रहा है। इस उपलब्धि के बाद जैसे ही दिव्या भूना पहुंची, लक्ष्मी अनाज मंडी में उनका जोरदार स्वागत किया गया।



**भूना।** डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद दिव्या गोयल का सम्मानित किया।

# भगवान महावीर के आदर्शों को जीवन में उतारें

## श्याम नगर में धूमधाम से मनाया भगवान महावीर जयंती का पावन पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भगवान महावीर जयंती का पावन पर्व एसएस जैन सभा, श्याम नगर में बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन जोड़ा एवं महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन भवानी सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने भगवान श्री महावीर जी के चरणों में पुष्प अर्पित किए तथा अपने-अपने विचार भी रखे। इस समारोह में हिसार, उकलाना, टोहाना सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम पूज्य उपवर्तक डॉक्टर सुब्रत मुनि जी महाराज के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। साथ ही तपस्वी रतन मधुर गायक सेवा भावी श्री मुदित मुनि महाराज का 11वां दीक्षा जयंती दिवस भी बड़े श्रद्धा भाव से मनाया गया। यह आयोजन धर्म, श्रद्धा और सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण रहा। अपने प्रवचन में डॉक्टर सुब्रत मुनि महाराज ने भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका मूल संदेश अहिंसा परमो धर्म है, अर्थात अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने समस्त मानवता को ही नहीं, बल्कि हर जीव के प्रति दया, करुणा और प्रेम रखने का संदेश दिया। पूज्य मुनिश्री जी ने श्रद्धालुओं से भगवान श्री महावीर जी के आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी।




**फतेहाबाद।** जैन सभा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते बीजेपी जिलाध्यक्ष।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसएस जैन सभा श्याम नगर के चेयरमैन राजेश मंगला, वरिष्ठ उपप्रधान विनोद मित्तल, महामंत्री प्रवीण जैन, नरेश जैन, टेकचंद मिढा, पुरुषोत्तम बडौपलिया, राम निवास शर्मा, संजय गोयल, अग्रोहा विकास ट्रस्ट की महिला जिला अध्यक्ष नेहा मित्तल, बाबू धीरज लाल जैन, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के दौरान लंगर प्रसादी चलाया गया।



# पुलिस की नौकरी त्याग और समर्पण का भाव: एसपी

**सिरसा।** सेवानिवृत्त हुए 10 पुलिसकर्मियों के सम्मान में मंगलवार को पुलिस लाइन विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसपी दीपक सहारन ने कहा कि सेवा निवृत हुए पुलिस कर्मियों ने अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष पुलिस विभाग में बिताकर समाज सेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी त्याग और समर्पण का भाव है तथा पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को अपनी इच्छाओं का त्याग कर अपने कर्तव्य तथा समाज सेवा को प्राथमिकता देनी होती है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सेवा निर्वृत होने वाले पुलिस अधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि जिस प्रकार पुलिस विभाग में सराहनीय कार्य किया है, उसी तरह आगे के सामाजिक जीवन में भी अपने आप को कार्यशील रखें और समाज हित के कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लें। एसपी ने कहा कि पुलिस की नौकरी जन सेवा का बेहतरीन माध्यम है पुलिस कर्मी घर से दुर रहते है,और विभिन्न परिस्थितियों में नौकरी करने का अवसर मिलता है और अपने परिवार को कम समय दे पाते हैं।

# पंकज ने 100 मीटर में सिल्वर, 800 मीटर में कांस्य जीतकर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हिसार स्थित लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय संयुक्त एथलेटिक मीट में एसबीडीएस कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड साइंसेज, अहरवां के खिलाडियों ने अपनी खेल प्रतिभा और अटूट जज्बे का परिचय देते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के दौरान संस्थान के एथलीट पंकज ने अपनी गति और शक्ति का लोहा मनवाते हुए दोहरे पदक पर कब्जा जमाया।

पंकज ने 100 मीटर दौड़ की कड़ी प्रतिस्पर्धा में शानदार खेल दिखाते हुए रजत पदक हासिल किया, वहीं 800 मीटर की चुनौतीपूर्ण स्प्रिंट में अपनी सहनशक्ति का परिचय देते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।



**फतेहाबाद।** एसबीडीएस अहरवां में विजेता खिलाड़ी को किया सम्मानित।

### खेल अनुशासन की भावना सिखाते

छात्रों की इस ऐतिहासिक जीत पर कॉलेज परिसर में उत्सव का माहौल है। संस्थान के संरक्षक डॉ. विरेन्द्र सिवाच, चेयरपर्सन शरणजीत कौर, डॉ. अनुराधा सिवाच, हरमीत सिंह और प्राचार्य डॉ. सुधीर खन्ना ने विजेताओं का स्वागत करते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने कहा कि खेल अनुशासन और टीम वर्क की भावना सिखाते हैं, जो एक पशु चिकित्सक के पेशेवर जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

## कर्मचारियों का बनाय जा रहा निशाना

# सैलरी कैलकुलेटर स्कैम से रहें सावधान : सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आठवीं पे कमीशन सैलरी कैलकुलेटर के नाम पर फैल रहे साइबर फ्रॉड को लेकर लोगों को सचेत किया है। उनका कहना है कि बीते कुछ समय से 8वें वेतन आयोग को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है, जिसका फायदा उठाकर साइबर अपराधी फर्जी लिंक, मैसेज व एपीके फाइल के माध्यम से ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। एसपी ने बताया कि ठग व्हाट्सएप, टेलीग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए 'सैलरी बढ़ोतरी चेक करने' के नाम पर लिंक या एपीके फाइल भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को डाउनलोड व इंस्टॉल करता है, उसके मोबाइल में मालवेयर सक्रिय हो जाता है, जिससे ठग मोबाइल का एक्सेस लेकर बैंकिंग ऐप, ओटीपी, पासवर्ड व अन्य संवेदनशील जानकारी चुरा लेते हैं और खाते से पैसे निकाल लेते हैं।

# सर्वे से सभी को करें जागरूक शत-प्रतिशत करें नामांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

प्रवेश उत्सव एवं नामांकन अभियान के लिए नाथूसरी चोपटा खंड के सभी विद्यालय मुखियाओं की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर ढिढारिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्राचार्य उम्मेद ढाका, जीतराम रिटायर्ड अध्यापक एवं शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले पीआरटी अध्यापक नरेश पूनिया ने भी विद्यालय मुखिया के साथ अपने अनुभव सांझा किए। खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर ढिढारिया ने सभी कार्यरत अध्यापकों की कम से कम पांच -पांच विद्यार्थियों के न्यू एडमिशन विद्यालयों में करवाने की जिम्मेदारी सौंपी एवं विद्यालय मुखियाओं को शत-प्रतिशत नामांकन हेतु निर्देश दिए और कहा कि स्कूल निजी स्कूलों से सरकारी स्कूलों में आने के इच्छुक विद्यार्थियों की पहचान करने के लिए डोर-टू-डोर सर्वेक्षण का कार्य करे।

## शहर में धूमधाम से निकाली बालाजी महाराज की शोभायात्रा

# बालाजी के जयकारों से गूंजी सरसाईनाथ नगरी

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहर में बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। हाथों में भगवा ध्वजा धारण किए श्रद्धालु बालाजी के जयकारे लगा रहे थे। श्री सालासरधाम मंदिर कमेटी की ओर से चार दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्वस के उपलक्ष्य में इस शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। बेगू रोड पर महाराजा अग्रसेन स्कूल से शोभायात्रा पूजा अर्चना और मंत्रोचारण के साथ शुरू हुई। महाराजा अग्रसेन चेरीटेबल ट्रस्ट सिरसा के प्रधान अनिल गनेरीवाला ने बालाजी महाराज के रजतमयी छत्र का पूजन किया। जबकि ट्रस्ट के उपप्रधान भीम सर्राफ ने बालाजी के रथ की पूजा अर्चना की। महाराजा अग्रसेन चेरीटेबल ट्रस्ट के महासचिव कुंज बिहारी सर्राफ व कोषाध्यक्ष सुनील सर्राफ ने बालाजी की रजतमयी ध्वजा का पूजन किया। शोभायात्रा में शहरभर के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं, बच्चे व बड़े धर्म ध्वजा थामे बालाजी के जयकारे लगाते हुए आगे बढे। इस दौरान भव्य झांकियां सजाई गई थी। विभिन्न बैंड पार्टियों ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से भव्य स्वागत किया गया।



**सिरसा।** शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु तथा झांकी निकालते कलाकार।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मंदिर कमेटी के प्रधान गोपाल सर्राफ, महासचिव राधेश्याम झूंथरा, कृष्ण कुमार गोयल कोषाध्यक्ष, सत्यप्रकाश गोयल, अरोड़वंश सेवा सदन के प्रधान कृष्ण गुम्बर, नगर परिषद प्रधान वीर शान्ति स्वरूप,अमित बांसल, पुरूषोत्तमदास, सुशील झुंथरा, राकेश लढा, अमित लढ़ा, अमित गोयल एडवोकेट, रामअवतार हिसारिया, ईशु शेरपुरावाला, पिंटू महिपाल, रमन शर्मा, गौरव जिंदल, आयुष सर्राफ, रोहित लढा आदि मौजूद रहे।

### न्यायाधीश ने भाई कन्हैया आश्रम का किया निरीक्षण

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीष जिंदिया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने मंगलवार को स्थानीय भाई कन्हैया आश्रम का दौरा किया गया।

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुरूसर (रतिया) जिला फतेहाबाद में छात्र परिवहन योजना के तहत सत्र 2026-27 के लिए बसों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक संचालक सीलबंद कुटेशन दिनांक 04-04-2026 तक विद्यालय में जमा करवा दें। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में सम्पर्क करें।

-प्रधानाचार्य, रा.व.मा. विद्यालय, गुरूसर (रतिया) जिला फतेहाबाद

## खबर संक्षेप

### सेंट जोसफ स्कूल में नृत्य में छाए विद्यार्थी

**टोहाना।** भूना रोड स्थित सेंट जोसफ़ इंटरनेशनल स्कूल में नृत्य व गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए 26 मार्च को उकलाना, भूना, जाखल व टोहाना में ऑडिशन लिए गए थे, जिसमें 50 चयनित बच्चों के लिए फाइनल राउंड सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल टोहाना में आयोजित किया। नृत्य तथा गायन प्रतियोगिता में 6 से 8 वर्ष तथा 9 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए दो कैटेगरी रखी गई। उप प्राचार्या कुलदीप कौर ने बताया कि नृत्य प्रतियोगिता में 6 से 8 वर्ष के आयु वर्ग में प्रिशा प्रथम, कुश द्वितीय तथा सहज व सुखजीत तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 9 से 12 वर्ष के आयु वर्ग में रितिका प्रथम, रूहानी द्वितीय तथा गुन्ताज, रीत व कवनीत तृतीय रहे। गायन प्रतियोगिता में 6 से 8 वर्ष आयु वर्ग में रेयान ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 9 से 12 वर्ष आयु वर्ग में गुरनुर ने द्वितीय व एकांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान हासिल करने वाले को 5100 रूपए, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले को 2100 रूपए तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले 1100 रूपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत

**रतिया।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं से आठवीं तथा कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि एसएमसी प्रधान मंजीत कौर रही। इस दौरान कक्षावार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को एसएमसी प्रधान द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कक्षा छठवीं में प्रथम मनजोत, द्वितीय नीलम। कक्षा सातवीं में प्रथम आरती पुत्री सुरजीत, द्वितीय आरती पुत्री सुरेश, तृतीय स्थान पर जश्न रहीं। कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान सिमरन, द्वितीय स्थान हसनदीप, तृतीय स्थान कमलजीत ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा नौवीं में प्रथम स्थान गुरविंदर, द्वितीय स्थान पूजा, तृतीय स्थान खुशी ने प्राप्त किया और 11वीं कक्षा में प्रथम स्थान सुमनदीप, द्वितीय स्थान मानसी, तृतीय स्थान पर खुशप्रीत कौर रही है। प्रिंसिपल अवनीश गर्ग, बनवारी लाल, कंवरजीत सिंह, घनश्याम, रुपिंदर कौर, बेअंत कौर, सरिता देवी, शीनू, महेशी आदि विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

### हर अनाज मंडी व खरीद केंद्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

# फसल खरीद आज से शुरू बनाए गए 44 खरीद केन्द्र

**व्यवस्था प्रबंधन के मद्देनजर जिले की सभी मंडियों व खरीद केंद्र पर व्यवस्था दुरुस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद जिला में रबी फसल की खरीद प्रक्रिया बुधवार, एक अप्रैल से आरंभ हो रही है। फसल खरीद को लेकर प्रशासनिक स्तर पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ताकि किसानों को भी कोई परेशानी न हो और खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहे। फतेहाबाद जिला में रबी फसल खरीद के लिए 7 अनाज मंडियां सहित 44 खरीद केंद्रों पर फसल की खरीद पूरी सजगता के साथ की जाएगी। व्यवस्था प्रबंधन के मद्देनजर जिला की सभी मंडियों व खरीद केंद्र के लिए जिला प्रशासन ने नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए हैं। डीसी डा.विवेक भारती ने रबी खरीद सीजन के दौरान संबंधित अधिकारियों को निरंतर मंडियों व खरीद केंद्रों की मॉनिटरिंग करने के साथ ही खरीद को लेकर उठाए जा रहे हर पहलू पर सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। वे स्वयं विस्तार से समयानुसार समीक्षात्मक बैठक भी ले रहे हैं। डीसी ने बैठक में नोडल अधिकारी व संबंधित खरीद एजेंसी प्रतिनिधियों को कहा कि आपसी तालमेल के साथ रबी सीजन के दौरान मंडियों में खरीद कार्य, उठान कार्य व किसानों की सभी प्रकारी की समस्याओं का तत्परता से निपटान करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ खरीद प्रक्रिया को अमल में लाया जाना सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण खरीद प्रक्रिया के लिए एडीसी अनुराग ढालिया ऑवर आल प्रभारी रहेंगे।

#### यह रहेंगे नोडल अधिकारी

जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्था पूर्ण ढंग से रबी फसल की खरीद करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो अनाज मंडी व खरीद केंद्र से संबंधित खरीद प्रक्रिया का प्रबंधन देखेंगे। एडीसी अनुराग ढालिया भूना अनाज मंडी सहित दिगोह, गोरखपुर, बुआन, नहला व हसंगा खरीद केंद्र के नोडल अधिकारी रहेंगे। सीटीएम गौरव गुप्ता भट्टू कलां अनाज मंडी व ढांगढ, भट्टू साइलो व पीली मंदौरी खरीद केंद्र के, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार फतेहाबाद अनाज मंडी सहित अयाल्की, अरहवां बहबलपुर, भिरडाना, एसपी सौतर, भट्टू खुर्द, धांगड़ व एमपी रोही खरीद केंद्र, एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा टोहाना अनाज मंडी सहित ठरवां, नांगला, रहनवाली, हिंडालवाला व सनियाना खरीद केंद्र, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार जाखल व धारसूल अनाज मंडी सहित चांदपुरा, शक्करपुरा, मयोंद, नन्हैडी, अकांवाली व करंडी खरीद केंद्र, एसडीएम रतिया सुरेंद्र कुमार रतिया अनाज मंडी सहित बबनपुर, बाडा, ब्राह्मांणवाला, भुंदडवास, बोडा, ढाणीबबनपुर, कमाना, मानकपुर व हांसपुर खरीद केंद्र तथा डीडीपीओ अनूप सिंह रतिया अनाज मंडी सहित लधुवास, लाली, महमदकी, अलिका, ढाणी दादुपुर, नागपुर, तामसपुरा व लांबा खरीद केंद्र के नोडल अधिकारी के रूप से कार्य करेंगे।

# एकांशी भुक्कल ने डांस प्रतियोगिता में किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**प्रारंभिक व इंटरमीडिएट राउंड्स को सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

छात्रा एकांशी भुक्कल ने डांस में एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चंडीगढ़ में केकेएचडी (किसमें कितना है दम) द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता के फाइनल शो में एकांशी भुक्कल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रनर-अप का खिताब हासिल करते हुए सिरसा का नाम रोशन किया। इससे पहले एकांशी भुक्कल ने सिरसा में आयोजित प्रारंभिक व इंटरमीडिएट राउंड्स को सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। एकांशी भुक्कल की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि सिरसा की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है।



सिरसा। पुरस्कार के साथ छात्रा एकांशी। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा में बढ़ता प्रदूषण और घटती हरियाली चिंतनीय: सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में लगातार बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण और घटती हरियाली पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर बड़े-बड़े दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा में वन क्षेत्र में कमी आई है और करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद लगाए गए पौधों का बड़ा हिस्सा जीवित नहीं रह पाया। यह स्थिति दर्शाती है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर खामियां हैं और निगरानी व्यवस्था भी कमजोर है। कुमारी सैलजा ने कहा कि कई जिलों में हरियाली की स्थिति चिंताजनक है, जहां लगाए गए पौधों का बहुत कम प्रतिशत ही जीवित है। इससे साफ है कि पर्यावरण संरक्षण केवल कागजों और बयानबाजी तक सीमित रह गया है। उन्होंने इसे प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही की कमी का परिणाम बताया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिस विभाग पर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी है, वहीं पर अनियमितताओं और घोटालों की खबरें सामने आ रही हैं। वन विभाग में बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं, जिससे जंगलों की सुरक्षा और निगरानी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### हड्डियों के लिए विटामिन डी आवश्यकः डॉ. वालिया

**सिरसा।** शहर के पारस अस्पताल में मंगलवार को ब्लड टैस्ट का निःशुल्क शिविर लगाया गया। इस कैंप में 50 लोगों की निःशुल्क जांच की गई। डॉ. सौरभ वालिया ने बताया कि इस समय विटामिन डी की कमी एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। धूप से भरपूर देश होने के बावजूद आजकल बंद कमरों वाली लाइफस्टाइल, कम धूप एक्सपोजर और खान-पान की कमी के कारण बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी प्रभावित हो रहे हैं। हड्डियों के दर्द, थकान, कमजोरी, बार-बार बीमार पडन्ना और गंभीर मामलों में ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। विटामिन डी की कमी से इम्यूनिटी कमजोर होती है, हड्डियां कमजोर पड़ती हैं और कई बीमारियां आम हो जाती हैं।

# पुलिस ने डॉग स्क्वॉड के साथ चलाया अभियान

- डॉग स्क्वॉड टीम, कमांडो टीम तथा स्थानीय पुलिस रही मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। तलाशी अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जिलेभर में नशा तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना शहर रतिया व थाना भट्टू कलां पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संयुक्त रूप से सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाना तथा संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा। थाना शहर रतिया क्षेत्र में यह अभियान थाना प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें डॉग स्क्वॉड टीम, कमांडो टीम तथा स्थानीय पुलिस बल ने संयुक्त रूप से भाग लिया। टीमों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों, सुनसान इलाकों, संदिग्ध ठिकानों व सार्वजनिक स्थानों पर गहन जांच की गई। तलाशी के दौरान आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके सामान की बारीकी से जांच की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

#### पुलिस ने ली तलाशी

इसी प्रकार थाना भट्टू कलां क्षेत्र में भी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉड, कमांडो टीम व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा विशेष तलाशी अभियान चलाया गया। टीमों ने बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र, बाहरी मार्गों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखते हुए तलाशी अभियान को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया। इस दौरान पुलिस ने आमजन से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

# सराहनीय सेवा के बाद निरीक्षक विरेन्द्र सिंह सहित 6 पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत्त

- सेवानिवृत्ति केवल एक प्रक्रिया, पुलिसकर्मी सदैव जनसेवा के लिए समर्पित रहता है : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस विभाग में लंबे समय तक अपनी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से सेवा देने वाले निरीक्षक विरेन्द्र सिंह, ईएसआई भगवान दास, ईएसआई रोहतास कुमार, ईएसआई सतपाल, ईएसआई जयबीर और ईएसआई रघुबीर सिंह मंगलवार को अपनी राजकीय सेवा पूर्ण कर गौरवपूर्ण तरीके से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस लाइन, फतेहाबाद में एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने की। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। एसपी ने उनके सेवाकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि इन अधिकारियों ने विभाग में अपनी मेहनत से एक मिसाल कायम की है।



फतेहाबाद। जिला पुलिस से सेवानिवृत कर्मचारी।

# उलझे हुए जीवन को सुलझाने वाला पावन ग्रन्थ है श्री हनुमान चालीसा : स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। स्वामी दिव्यानंद महाराज से आशीर्वाद लेते पूर्व नप प्रधान दर्शन नागपाल।

स्वामी दिव्यानंद महाराज आज हम अपने जीवन को अपने ही बुने जाल में उलझाते जा रहे हैं, समेटते नहीं। जिन्दगी सिमट रही है, बस दोष दिये जा रहे हैं दूसरों को। कभी किस्मत को, तो कभी ग्रह नक्षत्रों को या फिर कलियुग को।

स्वयं का निरीक्षण नहीं कर पाते। स्वामी दिव्यानंद महाराज जवाहर चौक स्थित श्री कृष्णा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी का चरित्र सुना रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान चालीसा ऐसा पावन ग्रन्थ है जिसका यदि हम केवल पढ़ लेने के नाम पर पाठ ही न करके अपितु स्वाध्याय के रूप में पाठ करें तो यह उलझे जीवन की गुत्थियां सुलझा देता है। निराश, हताश और उदास के दलदल से बाहर निकाल सकता है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, महेश नागपाल, पंकज कालरा, कृष्ण लाल गुलाटी, राजेश नागपाल ने पूजा कर आशीर्वाद लिया।

### फेसबुक एड के जरिए ठगी का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने ठगी के एक मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने फेसबुक विज्ञापन के माध्यम से ठगी करने के मामले में संलिप्त आरोपी को काबू कर उससे 8 हजार रुपये की राशि बरामद की है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 मार्च को केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता सुशील कुमार पुत्र करतार चंद निवासी लाजपत नगर, फतेहाबाद ने बताया कि 28 फरवरी दोपहर को वह अपने मोबाइल पर फेसबुक चला रहा था। इसी दौरान उसे एक विज्ञापन दिखाई दिया, जिसमें एक एप डाउनलोड करने पर अनचाहे कॉल व संदेश बंद होने का दावा किया गया था।

# भाजपा पर समाज को बांटने का लगाया आरोप

- किसानों की आय दोगुनी करने का वादा निकला झूठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालांवाली



कालांवाली। सद्भावना यात्रा में पूर्व सांसद के साथ पूर्व विधायक बलकौर सिंह व अन्य।

भाजपा की राजनीति विकास के नाम पर नहीं, बल्कि समाज को बांटकर वोट लेने की रणनीति पर चलती है। किसानों, युवाओं या रोजगार जैसे मुद्दों पर कभी स्पष्ट वादे नहीं किए गए। 2019 में प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात जरूर कही थी, लेकिन उस बात को भी सात साल बीत गये अभी तक कुछ नहीं हुआ। इस पर कोई ठोस चर्चा या परिणाम सामने नहीं आया। यह बात पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने सद्भाव यात्रा के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा मंगलवार को 178 वें दिन कालांवाली विधानसभा हलके में प्रवेश कर गई। गांव कुरंगावाली से यात्रा की शुरुआत हुई। इसके पश्चात गांव सुखचैन, खतरावा, तिलोकेवाला, तारुआना गांव से होते हुए कालांवाली शहर में यात्रा का समापन हुआ।

#### ये रहे मौजूद

यात्रा दौरान पूर्व सांसद गांव तिलोकेवाला के गुरूद्वारा निर्मलसर साहिब में पहुंचे, जहां गुरुद्वारा के सेवादार संत गुरमीत सिंह ने उन्हें सिरोपा पहना कर सम्मानित किया। पूर्व सांसद व अन्य नेताओं ने गुरूद्वारा के लंगर हाल में बैठ कर लंगर ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व विधायक बलकौर सिंह, जिलाध्यक्ष सतोष बेनीवाल, पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिल्लाखेडा, निर्मल सिंह मलड़ी, सुखदेव सिंह बड़ागुढ़ा, अमनदीप कुरंगावाली, हरदेव सिंह कुरंगावाली, लखविंद्र नंबरदार, गुरप्रीत प्रधान, सुखदीप, मलकीत सिंह गंगा, दलजीत सिंह तिलोकेवाला, राजपाल जैलदार रतिया, प्रगट सिंह आदि रहे।



सिरसा। अनाज मंडी में सरसों खरीद कार्य का जायजा लेते जेजेपी पदाधिकारी।

### डिजिटल प्रक्रिया के नाम पर किसानों को परेशान कर रही सरकार: शर्मा

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राधेश्याम शर्मा ने कहा कि सरकार डिजिटल प्रक्रिया के नाम से किसानों को बेवजह परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वयं को किसान हितैषी बताने वाली भाजपा सरकार ने ऐसे नियम किसानों पर थोंपे हैं कि उन्हें अपनी फसल बेचना मुश्किल हो गया है। राधेश्याम शर्मा मंगलवार दोपहर 1 बजे के दौरान सिरसा की अनाज मंडी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रेक्टर ट्रॉली पर नंबर अंकित करने, बायोमेट्रिक फोटो सत्यापन, टोकन कटवाने की प्रक्रिया लागू करने से प्रतीत होता है कि यह किसानों की फसल खरीदने की बजाए उनकी परीक्षा ली जा रही है। उन्होंने चेताया कि यदि शासन ने लागू किए गए गैर तार्किक शर्तों को वापिस न लिया जो जेजेपी सडक़ों पर उतरेगी।

### एमएम कॉलेज में 'इंफॉर्मेशन लिटरेसी क्वालिटी एजुकेशन' पर कार्यशाला

# गूगल और एआई भी नहीं कर सकते लाइब्रेरी का मुकाबला : डॉ. नरेन्द्र

**विद्यार्थियों को डिजिटल युग के महत्वपूर्ण टूल्स के बारे में जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




फतेहाबाद। कॉलेज पहुंचे मुख्य वक्ता का स्वागत करते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

मनोहर मैमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा 'इंफॉर्मेशन लिटरेसी क्वालिटी एजुकेशन प्रोग्राम' के तहत आयोजित सात दिवसीय विशेष कार्यशाला के पांचवें दिन मुख्य वक्ता के रूप में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार से डॉ. नरेंद्र ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल युग के महत्वपूर्ण टूल्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल सूचना संसाधनों के प्रति जागरूक करना और उनमें पढ़ने की आदत को विकसित करना है।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. नरेन्द्र ने स्वयं प्रभा और 'साथी' पोर्टल बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'स्वयं प्रभा' के माध्यम से 'साथी' पोर्टल का उपयोग कर विद्यार्थी घर बैठे प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एसएससी, सीलेट, इंजीनियरिंग (जेईई), मेडिकल और बैंकिंग की तैयारी कैसे कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यहां से उच्च गुणवत्ता वाला स्टडी मैटेरियल पूरी तरह निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. नरेंद्र ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी के विशाल भंडार से अध्ययन सामग्री को खोजने और उसे एकत्रित करने की तकनीक साझा की। शैक्षणिक सामग्री के सही और कानूनी उपयोग के लिए उन्होंने 'क्रिएटिव कॉमन लाइसेंसिंग' की बारीकियों से भी अवगत कराया।

#### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग

कार्यशाला के दौरान डॉ. नरेंद्र ने कहा कि आज के दौर में जानकारी के लिए लोग गूगल पर निर्भर हैं। वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बोलबाला है, परंतु गूगल ही क्या, एआई भी लाइब्रेरी का मुकाबला नहीं कर सकते। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि उन्हें अपनी जड़ों की ओर लौटते हुए लाइब्रेरी जाने की आदत डालनी चाहिए, क्योंकि जो गहराई और प्रामाणिकता किताबों में है, वह डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उस रूप में उपलब्ध नहीं है। इस सात दिवसीय कार्यशाला की संयोजिका पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल ने बताया कि कॉलेज प्रशासन का हमेशा यह प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को न केवल किताबी ज्ञान मिले, बल्कि उन्हें यह भी पता हो कि सूचना के सही स्त्रोत का चुनाव कैसे करना है। अंत में डॉ. संध्या अग्रवाल ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर पुस्तकालय विभाग से डॉ. रमनदीप सिंह, प्रो. रमनदीप कौर, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।